(प्रतिलिपि आदेश दिनांक 04.11.2025)

**न्यायालय :– प्रशांत शुक्ला, कॉमर्शियल कोर्ट एवं कॉमर्शियल अपीलेट कोर्ट ग्वालियर मध्यप्रदेश**

Case No- EX AB/22/2025
Filling No- EX AB/5580/2024
CNR No- MP0701-031292-2024
Filling Date- 04-11-2024

बृजेश शर्मा पुत्र हरी बाबू शर्मा, व्यवसाय– कांट्रेक्टर, आयु 49 वर्ष, निवासी– अंबाह रोड़ बड़ोखर मुरैना मध्यप्रदेश

....................डिक्रीदार

**विरूद्ध**

बैंकों कंस्ट्रक्शन द्वारा दीपक बंसल, जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी होल्डर–1, नेहरू कॉलौनी ठाठीपुर ग्वालियर मध्यप्रदेश

........................मदयून

---

04-11-2025 डिक्रीदार बृजेश शर्मा सहित श्री अभिषेक सिंह अधिवक्ता उपस्थित।

मदयून द्वारा श्री जे.पी.एस.बघेल अधिवक्ता उपस्थित।

प्रकरण अग्रिम कार्यवाही हेतु नियत है।

मदयून मैसर्स बांको कंस्ट्रक्शन की ओर से श्री जे.पी.एस. बघेल अधिवक्ता ने एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 151 सीपीसी प्रस्तुत कर लेख किया है कि डिक्रीदार एवं मदयून के मध्य आपस में राजीनामा हो गया है और मदयून द्वारा डिक्रीदार को 1,11,00,000 रूपये देने पर सहमत हो गया है जिसके एवज में मदयून द्वारा डिक्रीदार को चैक क्र. 003244 दिनांक 29.10.2025 दिया गया था जिसका भुगतान डिक्रीदार को प्राप्त हो गया है। उभयपक्ष के मध्य कोई लेनदेन शेष नहीं है। इजरा प्रकरण को पूर्ण संतुष्टि में समाप्त किये जाने एवं एचडीएफसी बैंक के खाता को डीफ्रीज किये जाने का निवेदन किया गया है।

डिक्रीदार बृजेश शर्मा ने भी प्रकरण में उभयपक्ष के मध्य राजीनामा होना बताया गया एवं प्रकरण में अब कोई विवाद शेष नहीं है। प्रकरण को पूर्ण संतुष्टि में समाप्त किये जाने का निवेदन किया। उक्त आशय की टीप आदेश पत्रिका के हाशिये पर अंकित की गयी। आवेदन पत्र का अवलोकन किया गया। मदयून के आवेदन पत्र में वर्णित तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त आवेदन पत्र स्वीकार करते हुए प्रकरण पूर्ण संतुष्टि में समाप्त किया जाता है।

एचडीएफसी बैंक शाखा सिटी सेंटर ग्वालियर को इस संबंध में पत्र जारी किया जाये कि प्रकरण का निराकरण हो चुका है एवं मदयून के एचडीएफसी बैंक के खाता क्र. 01922790000513 को पूर्णतः डीफ्रीज किया जावे एवं यदि उक्त खाते में कोई एफ.डी. बनाई गयी हो तो वह भी तोड़ी जावे तथा खाते का संचालन न्यायालयीन आदेश के पूर्व अनुसार किया जावे।

प्रकरण का परिणाम दर्ज कर अभिलेखागार में प्रेषित किया जावे।

**सही/–**
( प्रशांत शुक्ला )
कॉमर्शियल कोर्ट एवं कॉमर्शियल अपीलेट कोर्ट
ग्वालियर मध्यप्रदेश

PRASHANT SHUKLA
Digitally signed by PRASHANT SHUKLA
Date: 2025.11.04 16:30:08 +0530